# फैक्ट्री में युवक की संदिग्ध मौत, परिजनों का शव लेने से इनकार



खारा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित पीओपी की फैक्ट्री में हुई हत्या के विरोध में म्यूजियम सर्किल पर रास्ता रोककर धरने पर बैठे राजपूत समाज के लोग।

- फैक्ट्री के अंदर रहने वालों और नरेन्द्र सिंह के बीच विवाद हुआ था
- प्राथमिक पूछताछ में मोबाइल चुराने की बात सामने आई
- जामसर थानाधिकारी को लाइन हाजिर लेकिन परिजन निलंबन की मांग पर अड़े हैं

**बीकानेर,**(कासं)। खारा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित पीओपी की फैक्ट्री में रविवार सुबह युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के मामले में सोमवार को भी शव नहीं उठाया गया। पीबीएम हॉस्पिटल की मोर्चरी के बाहर आज सुबह परिजनों और ग्रामीणों के साथ भाजपा-कांग्रेस के नेता धरने पर बैठे। मांगों पर सहमति नहीं बनने पर दोपहर करीब 3 बजे बीकानेर-जयपुर हाईवे जाम कर दिया।

मामले के अनुसार कालासर निवासी नरेन्द्र सिंह (32) पुत्र गिरधारी सिंह का शव रविवार को फैक्ट्री में मिला था। मामले में परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया। एसपी तेजस्विनी गौतम ने बताया कि फैक्ट्री के अंदर रहने वालों और नरेन्द्र सिंह के बीच विवाद हुआ था। एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। प्राथमिक पूछताछ में मोबाइल चुराने की बात सामने आ रही है। जामसर थानाधिकारी को लाइन हाजिर कर दिया गया। अब परिजन निलंबन की मांग पर अड़े है।

फैक्ट्री में रविवार सुबह 10 बजे शव मिलने के बाद से मामला शांत नहीं हुआ है। पहले दिन रविवार को ग्रामीणों ने मौके से शव नहीं उठाया। आरोप लगाया कि युवक की हत्या कर आरोपी भाग गए और और पुलिस पकड़ नहीं पा रही है। ऐसे में आरोपियों के गिरफ्तार होने के बाद ही शव को उठाया जायेगा। देर शाम आश्वासन के बाद शव को पीबीएम हॉस्पिटल ले जाया गया। पीबीएम हॉस्पिटल में आज सुबह पोस्टमार्टम करवाया गया। इसके बाद परिजनों ने शव लेने से मना कर दिया। उनका कहना है कि जब तब मांग नहीं मानी जायेगी। शव नहीं ठाया जायेगा। धरने पर आज भाजपा नेता सुरेन्द्र सिंह शेखावत, भगवान सिंह मेड़तिया, कांग्रेस नेता प्रहलाद सिंह मार्शल भी पहुंचे।

शेखावत ने आरोप लगाया कि पुलिस पूरे मामले में लापरवाह रही है। सुबह पांच बजे घटना का पता चलने के बाद भी पुलिस ने हत्या करने वालों को भागने दिया। कार्रवाई की बात की गई तो थानेदार को महज लाइन हाजिर कर दिया। हम उसके निलंबन की मांग कर रहे हैं। धरना दे रहे जनप्रतिनिधियों ने चार मांग प्रशासन के सामने रखी है। मांगों पर अधिकृत तौर पर सरकार और प्रशासन कुछ नहीं कहेगी, तब तक धरना जारी रहेगा।

मांगों पर सहमति नहीं बनने पर परिजन और ग्रामीण दोपहर में स्टेट हाईवे पहुंच गए। बीकानेर-जयपुर हाईवे पर टायर जलाकर हंगामा किया। मौके पर पहुंचे भाजपा नेता भगवान सिंह मेड़तिया ने कहा कि एसएचओ ने मिलीभगत से सारे साक्ष्य को मिटा दिया। डीवीआर तक गायब करवा दिया। कई प्रशासनिक अधिकारी भी अपराधियों के शरणार्थी बने हुए है तो, उन्हें भी बक्शा नहीं जायेगा। हम आम जनता के साथ है। आरोपियों को बक्शा नहीं जाएगा।

पुलिस व नेताओं के बीच वार्ता विफल हो गई है। प्रशासन की ओर से वार्ता के लिए कलेक्टर व एसपी दोनों नहीं आए। बीकानेर एसडीएम किरण गोदारा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्यारेलाल शिवराम पहुंचे। दूसरी तरफ भाजपा नेता जालम सिंह भाटी, सुरेंद्र सिंह भाटी, भगवान सिंह मेड़तिया, श्याम सिंह हाड़ला भी उपस्थित रहे। दोनों पक्षों में सहमति नहीं बनी। इस बात का भी विरोध हो रहा है कि हत्या के मामले में जिन लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। वे सभी श्रीडूंगरगढ़ के गांव में रहने वाले हैं। ऐसे में जांच भी श्रीडूंगरगढ़ थानाधिकारी को दी गई है।

**तलवार सहित पकड़ा :** श्रीगंगानगर पुरानी आबादी थाना पुलिस ने एक नाबालिग से तलवार बरामद की। नाबालिग इसे लेकर पुरानी अबादी में सरकारी आयुर्वेदिक अस्पताल के सामने घूम रहा था। इसी दौरान किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंचे पुरानी आबादी थाना पुलिस के एएसआई छिंद्रपाल सिंह ने नाबालिग को रोका। उन्होंने उसके हाथ में ली तलवार अपने कब्जे में ले ली। शुरूआती पूछताछ में करीब 17 साल के नाबालिग ने बताया कि उसकी अपने कुछ साथियों से रंजिश हो गई थी। वह उसका बदला लेना चाहता था।

## बाबा रामदेव लंगर सेवा समिति का भंडारा रवाना

**सूरतगढ़,** (कासं)। जय बाबा रामदेव लंगर सेवा समिति द्वारा रामदेवरा मेले के दौरान आयोजित किए जाने वाले लंगर भंडारे की विधिवत पूजा अर्चना की गई।

मुख्य यजमान जिला प्रमुख कविता रेगर, पूर्व विधायक अशोक नागपाल, संदीप कासनिया, पूर्व पालिका अध्यक्ष काजल छाबड़ा, समाजसेवी वली मोहम्मद, हनुमान खेजड़ी प्रबंध समिति के नरेंद्र राठी, प्रवीण छाबड़ा, और पूर्व पार्षद सुनील छाबड़ा ने पुरानी धान मंडी कार्यालय में पूजा अर्चना कर राशन से भरे ट्रकों को बाबा रामदेव की ध्वजा लहराकर रवाना किया। पूजन की व्यवस्था पंडित मोहनलाल उपाध्याय ने मंत्रोच्चारण के साथ की।

लंगर भंडारे की शोभायात्रा की शुरुआत जय बाबा रामदेव सेवा समिति के अध्यक्ष सीताराम प्रजापत, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद वशिष्ठ, प्रमोद नागपाल, डॉ. राजेश भाटी, मुरलीधर पारीक, शंकर लाल खत्री, और विजय कटारिया की उपस्थिति में हुई। अतिथियों ने ढोल नगाड़े के साथ नाचते हुए लंगर भंडारे को शोभायात्रा के रूप में रवाना किया।

इस मौके पर त्रिमूर्ति मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद ज्याणी, बीरबल रेगर, महावीर भोजक, लालचंद वर्मा, ओमप्रकाश प्रजापत, चंदन राम वर्मा, डॉक्टर सुभाष और महेंद्र कालवा समेत शहर के गणमान्य लोग भी मौजूद थे। सीताराम प्रजापत ने बताया कि बाबा के जातरूओं के लिए लंगर भंडारा आयोजित किया जायेगा जिसमें भक्तों के लिए चाय, नाश्ता, भोजन, नहाने और विश्राम की सुविधाएं रहेगी।

## सार-समाचार

### कलेक्ट्रेट में सजाई रंगोली



बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कलेक्ट्रेट में राष्ट्रीय पोषण माह में सजाई रंगोली का अवलोकन किया।

**बीकानेर,** (कासं)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सप्तम राष्ट्रीय पोषण माह के तहत विभिन्न गतिविधियां सोमवार को प्रारंभ हुई। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास तथा जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने इनकी शुरूआत की। उन्होंने पोषण रैली को कलेक्ट्रेट परिषद से हरी दिखाकर रवाना किया। पोषण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट में सजाई गई रंगोलियों का अवलोकन किया। विधायक व्यास ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए, जिससे महिलाओं को पोषण के प्रति जागरूक किया जा सके। जिला कलेक्टर ने कहा कि इन कार्यक्रमों को प्रचारित किया जाए, जिससे इनमें महिलाओं की भागीदारी बढ़े। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा गर्भवती महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को इन गतिविधियों में शामिल करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक सुभाष बिश्नोई ने बताया कि पोषण माह में एनीमिया वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर शासन के लिए तकनीकी उपाय और पर्यावरण संरक्षण के साथ मासिक कैलेंडर में दी गई सभी गतिविधियों का क्रियान्वयन आंगनबाड़ी केन्द्रों तक किया जायेगा।

### श्रीगंगानगर में दोपहर बाद छाए बादल

**श्रीगंगागनर,** (कासं)। इलाके में गर्मी का असर बना हुआ है। शहर में पूरा दिन दोपहर बाद बादल छाए। लेकिन जिले में केसरीसिंहपुर को छोड़कर कहीं बरसात नहीं हुई। केसरीसिंहपुर में भी मामूली बूंदाबांदी हुई। इससे गर्मी और उसम का असर बना रहा। पिछले कुछ दिन से जिले में बरसात का असर रहा है। इस दौरान जिले में अलग-अलग हिस्सों में थोड़ी-थोड़ी देर के लिए बरसात हुई है। श्रीगंगानगर जिला मुख्यालय पर भी 3 से 4 बार बरसात से मौसम सुहाना हुआ है, लेकिन सोमवार को बरसात की आस पूरी नहीं हो पाई। जिले के केसरीसिंहपुर में शाम करीब 5 बजे कुछ मिनट के लिए बूंदाबांदी हुई, लेकिन यह भी बरसात की उम्मीद पूरी करने जैसी नहीं थी। जिले में पिछले 12-13 दिन में कुछ बरसात हुई है। वहीं इससे पहले पूरे प्रदेश में बरसात के बावजूद श्रीगंगानगर का अधिकांश हिस्सा सूखा रहा। मौसम एक्सपर्ट्स के अनुसार अगले 24 घंटे में भी बादल छाए रह सकते हैं, लेकिन बरसात की ज्यादा उम्मीद नहीं है। इस दौरान जिले के कुछ हिस्सों में हवा चल सकती है। अधिकतम तापमान भी 35 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बना हुआ है।

### बेटी के जन्म पर मां सम्मानित

**हनुमानगढ़,** (कासं)। श्री अन्नपूर्णा आध्यात्मिक सेवा समिति की ओर से चलाए जा रही बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ मुहिम के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत दो केएनजे स्थित आईटीआई कॉलोनी में एक परिवार में बेटी के जन्म पर नवजात की माता को पौष्टिक आहार की किट वितरित की गई। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में नगर परिषद की पूर्व उप सभापति व वार्ड पार्षद नगीना बाई, जिला जेल से जेलर अमराराम, मैना बाई ने शिरकत की। अतिथियों ने नवजात की माता को माला पहनाकर पौष्टिक आहार की किट सौंपी। बेटी को आशीर्वाद देते हुए पूरे परिवार को कन्या जन्म पर बधाई दी। इस मौके पर नगीना बाई ने समिति की इस मुहिम की सराहना की और अन्य सामाजिक संस्थाओं से भी प्रेरणा लेकर इस तरह के कामों में भागीदारी सुनिश्चित करने का आ ान किया। उन्होंने समिति को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मैना बाई ने कहा कि आज समाज की सोच बदल रही है। बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। अभिभावकों को अपनी बेटियों को उच्च शिक्षित करना चाहिए ताकि वे स्वयं के पैरों पर खड़ी हो सकें और किसी अन्य पर आत्मनिर्भर न रहें। उन्होंने जरूरतमंद परिवारों की बेटियों को शिक्षा दिलवाने व आगे बढ़ाने में सहयोग करने की अपील की।

### बच्चों को खिलाएं पौष्टिक आहार

**हनुमानगढ़,** (कासं)। महिला एवं बाल विकास विभाग हनुमानगढ़ की ओर से सोमवार को राष्ट्रीय पोषण महीने का आगाज हुआ। जिला कलेक्टर कानाराम ने कलेक्ट्रेट परिसर से पोषण अभियान जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लाल चौक तक रैली में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशाओं ने पोषण संबंधित 'गांव-गांव, गली-गली, सुपोषण की लहर चली', जन-जन ने ठाना है, कुपोषण जड़ से मिटाना है..., अपने बच्चे को खूब दें प्यार, मगर खिलाए घर का पोष्टिक आहार.. जैसे नारे लगाए। इस अवसर पर पोषण थीम पर बनाई रंगोली का जिला कलेक्टर ने अवलोकन किया। उन्होंने पोषण माह की समस्त गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कहा। विभाग उपनिदेशक प्रवेश कुमार सोलंकी ने बताया कि सितम्बर माह को पोषण माह के रूप में मनाया जाता है। इसमें मुख्यत: 6 थीम एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर शासन के लिए तकनीकी उपाय, पर्यावरण संरक्षण पर विभाग कार्य करेगा। इसके लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर दैनिक गतिविधि आयोजित की जाएगी। सोलंकी ने बताया कि भोजन में बाजरा, मूंग, मोठ और मोटे अनाज का प्रयोग किया जाना चाहिए। यह स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। साथ ही, भोजन भी सही तरीके से किया जाना चाहिए। भोजन बनाने में यथा संभव लोहे की कढ़ाई का प्रयोग हो। दूध, छाछ एवं हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन किया जाए। इस अवसर पर सीडीपीओ सुनिता शर्मा, महिला पर्यवेक्षक मधु महाजन, अरविन्द्र पाल, रजनी, पुष्पा, गुलजारा, टीना डोडा अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी मदन सुखीजा मौजूद थे।

# रामदेवरा मेले के लिए 10 दिन चलेंगी 120 रोडवेज बसें

- बीकानेर आगार से 10 बसें 4 से 13 सितम्बर तक संचालित होगी
- रामदेवरा श्रद्धालुओं को किराए में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी

**बीकानेर,** (कासं)। रूणिचा के बाबा रामदेव मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए अच्छी खबर है। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (रोडवेज) प्रशासन राजस्थान के विभिन्न जिलों से रामदेवरा मेले के लिए 120 बसों का संचालन करेगा। बीकानेर आगार से 10 बसें 4 से 13 सितम्बर तक संचालित होंगी। अच्छी बात यह है कि श्रद्धालुओं को किराए में 50 प्रतिशत छूट मिलेगी। यानी उन्हें आधा किराया ही चुकाना होगा।

मेला स्पेशल बसों का संचालन करने के लिए रोडवेज ने प्रदेश के जोधपुर आगार के मुख्य प्रबंधक को मुख्य मेला अधिकारी एवं फलौदी के मुख्य प्रबंधक को अपने क्षेत्र के लिए मेला अधिकारी नियुक्त किया है। बीकानेर से संचालित होने वाली बसें फलौदी डिपो के क्षेत्राधिकार में होंगी। जोधपुर यूनिट के कुछ आगारों से रामदेव मेला स्पेशल बसों का संचालन शुरू भी कर दिया है। रोडवेज ने रामदेव मेले के लिए जिन 120 बसों को लगाया है। उनके रूट चार्ट और डे-बाई-डे शिड्यूल भी जारी कर दिए हैं।

रामदेवरा मेले के लिए यात्रीभार के अनुसार बसों के फेरे तय किए जायेंगे। बीकानेर आगार की मुख्य प्रबंधक इंदिरा गोदारा ने बताया कि बीकानेर आगार से दस बसों का संचालन रामदेवरा मेले के लिए होगा। उन्होंने बताया कि मुख्यालय के स्पष्ट निर्देश हैं कि जिस रूट पर यात्रीभार अधिक होगा, उस रूट पर यात्री सुविधा को ध्यान में रखते हुए बसों की संख्या और उनके फेरों को बढ़ा दिया जायेगा। जिले में आयोजित पूनरासर मेले को लेकर भी रोडवेज ने अभी से तैयारियां करनी शुरू कर दी है।

बीकानेर आगार की मुख्य प्रबंधक इंदिरा गोदारा ने बताया कि बाबा रामदेव मेले के साथ ही पूनरासर मेले के लिए भी रोडवेज बसों का संचालन करेगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल मेले को लेकर बसों की मेंटेनेंस और सार संभाल का काम चल रहा है। इसके रूट चार्ट और किराए को लेकर मुख्यालय से मार्गदर्शन मिलने के बाद श्रद्धालुओं को जानकारी दी जायेगी।

## पार्श्वनाथ मंदिर में भक्ति संगीत संध्या

**बीकानेर,** (कासं)। भीनासर के भगवान पार्श्वनाथ मंदिर में पर्युषण पर्व के दौरान आयोजित भक्ति संगीत संध्या की कड़ी में सोमवार को वरिष्ठ कलाकार सुनील पारख, विनोद सेठिया व अरिहंत नाहटा की गायकी, हस्मत अली, सद्दाम खान, उमर मुस्तफा व टीपू की ओर से की गई विभिन्न वाद्य यंत्रों की संगत ने श्रावक-श्राविकाओं को प्रभु भक्ति के रस में सराबोर कर दिया।

आयोजन से जुड़े अशोक कोचर व राहुल दफ्तरी ने बताया कि मंदिर के पुजारी श्रीराम शर्मा ने भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा के आकर्षक अंगी की। कार्यक्रम में फोरेन्सिक साइंस लैबोरेटरी के उप निदेशक डॉ. प्रदीप जैन, चिकित्सक डॉ. संजय कोचर, जैन महासभा के सुरेन्द्र बद्धाणी जैन, देवेन्द्र पुगलिया, नवीन डागा, जयंत बोथरा, पूर्णचंद मिन्नी, संदीप बोथरा, राहुल बैध, मधु देवी कोचर आदि मौजूद थे।

# पर्युषण पर्व, स्वाध्याय दिवस के रूप में मनाया

- धर्म सभा में साध्वी चरितार्थ प्रभा ने भगवान महावीर के मरीचि कुमार के भव का वर्णन किया

**बीकानेर,** (कासं)। जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा गंगाशहर के तत्वावधान में पर्युषण पर्व का द्वितीय दिवस स्वाध्याय दिवस के रूप में मनाया गया।

तेरापंथ भवन गंगाशहर में उपस्थित धर्म सभा को संबोधित करते हुए युग प्रधान आचार्य महाश्रमण की शिष्या साध्वी चरितार्थ प्रभा ने भगवान महावीर के मरीचि कुमार के भव का वर्णन किया। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में कहा कि जैन धर्म ईश्वर को आठ कर्मों की मुक्त अवस्था के रूप में मानता है। जीवन में चाहे जितनी सुख सुविधा मिल जाए अगर सम्यक्तव नहीं आया तो सब व्यर्थ है। शुद्ध दान, शुद्ध भावना और पवित्रता से सम्यक्त्व आता है। उन्होंने बहुत ही मार्मिक उदाहरण द्वारा सम्यक्त्व की जानकारी देते हुए कहा कि अहंकार से नीच गोत्र का बंध होता है, उच्च गोत्र का नहीं।

इसलिए अहंकार किसी का नहीं करें। धर्म सभा को संबोधित करते हुए साध्वी प्रांजल प्रभा ने अपने मंगल उद्‌बोधन में तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान की स्तुति की जानकारी देते हुए बताया कि पार्श्वनाथ भगवान जन्म मरण के चक्र से मुक्त होकर सिद्ध अवस्था को प्राप्त हो गए हैं।

जिस प्रकार पारसमणी लोहे को भी सोना बना देती है, वैसे ही भक्त यदि पूरी श्रद्धा व एकाग्रता से पार्श्व स्तुति करता है तो निश्चित ही आत्मा की शुद्धि होती है। जिस प्रकार सूर्य पर बादल आ जाने से रोशनी कम हो जाती है। वैसे ही आत्मा पर कर्म रूपी बादल आ जाने से श्रद्धा कम हो जाती है।

# कमजोर मकान में टावर लगाने का विरोध

- परिषद आयुक्त ने टीम गठित कर मौका देखने के निर्देश दिए

**श्रीगंगागनर,** (कासं)। शहर के गुरूनानक बस्ती में गंदे पानी के गड्ढे के पास एक मकान की छत पर टावर लगाने का मोहल्ले के लोगों ने विरोध किया है।

लोगों का कहना है कि यह मकान मजबूत नहीं है। मोहल्लावासी इस संबंध में सोमवार को शिकायत लेकर जिला प्रशासन और नगर परिषद प्रशासन के पास पहुंचे। इन लोगों ने एसडीएम और नगर परिषद आयुक्त से मुलाकात कर उन्हें समस्या बताई। इन लोगों का कहना था कि गुरूनानक बस्ती में जहां टावर लगाया जा रहा है वह मकान मजबूत नहीं है। यदि उसकी छत पर टावर लगाया जाता है तो यह इलाके के लोगों के लिए परेशानी वाला होगा। कभी भी हादसा हो सकता है।

इस पर आयुक्त ने टीम गठित कर मौका देखने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि मौका देखने के बाद ही वे इस मामले में कोई फैसला ले सकेंगे। मोहल्ले वासियों ने बताया कि इस इलाके में पिछले दो दिन से टावर लगाने का काम चल रहा है।

मोहल्ले के लोग इसका विरोध कर रहे हैं, लेकिन मकान मालिक इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। नगर परिषद की टीम ने दोपहर को ही मौके पर पहुंचकर मौका देखा।

## बिजली गोदाम से चोरी के आरोपी को पकड़ा

**श्रीगंगागनर,** (कासं)। जवाहर नगर एरिया में गोदाम से बिजली का सामान चोरी करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया।

जांच अधिकारी एएसआई राजकुमार ने आरोपी पुरानी आबादी निवासी कालूदास पुत्र छोटू दास को रविवार को गिरफ्तार किया है। परिवादी सेवानिवृत एक्सईएन रुपेंद्र सिंह ने मामला दर्ज करवाया था। घटना के अनुसार 30 अगस्त की दोपहर परिवादी ने अपने कर्मचारी को गोदाम में बिजली का सामान लेने भेजा। कर्मचारी गोदाम की पहली मंजिल के कमरों में पहुंचा तो वहां आरोपी बिजली की तारों के बंडल और पीतल युक्त उपकरण उठाकर पास ही के भवन की छत पर गिरा रहा था।

# बकाया सिंचाई शुल्क एकमुश्त जमा करवाने पर मिलेगी छूट

- जल संसाधन विभाग की बैठक में जल वितरण समिति अध्यक्षों को ये जानकारी दी

**श्रीगंगागनर,** (कासं)। जल संसाधन विभाग की बैठक सोमवार को विभागीय अधिशाषी अभियंताओं, प्रोजेक्ट चेयरमैन एवं जल वितरण समितियों अध्यक्षों के साथ गंगनहर एसई कार्यालय में हुई।

जल संसाधन वृत्त श्रीगंगानगर के अधीक्षण अभियंता धीरज चावला ने बताया कि आबियाना वसूली के संबंध में बैठक में उपस्थित प्रतिभागियों को राज्य सरकार के आदेश अनुसार 31 मार्च तक बकाया सिंचाई शुल्क एकमुश्त जमा करवाने पर देय ब्याज पर 31 दिसम्बर तक छूट दिये जाने के बारे में अवगत कराया गया। सभी को निर्देशित किया गया कि खरीफ-2023 तक का जो भी बकाया है, उनकी सूची 17 सितम्बर तक तैयार कर जल उपयोक्ता संगम कार्यालय, वितरण समिति कार्यालय, प्रोजेक्ट चेयरमैन कार्यालय एवं सहायक अभियंता कार्यालय के कार्यालय में रखी जायेगी।

गंग कैनाल ऐप पर भी सूची को अपलोड किया जाये। उन्होंने बताया कि इसके उपरांत संबंधित अधिशाषी अभियंता द्वारा समाचार पत्रों में 15 दिन का नोटिस जारी किया जायेगा। 5 अक्टूबर तक जल उपयोक्ता संगम अध्यक्ष द्वारा बकाया राशि जमा ना कराने वाले काश्तकारों की बारी काटने की सूची अधिशाषी अभियंताओं को प्रस्तुत करेंगे

अधिशाषी अभियंता 15 अक्टूबर तक बारी काटकर चक में वितरण करने के आदेश जारी करेंगे तथा उसी अनुसार जल उपयोक्ता संगम अध्यक्ष आगामी बारी बनाकर चक में वितरित करेंगे। उन्होंने बताया कि नहरों की साफ-सफाई एवं रखाव के संबंध में एच. एलएनपी, आर.बी., करणीजी, बाइफरकेशन वितरिकाओं की कुछ रिचों में जल उपयोक्ता संगम अध्यक्ष सफाई नहीं करवा रहे हैं।

# एस.के.आर.ए.यू. और कृषि विश्वविद्यालय बांदा के बीच हुआ एम.ओ.यू.



पूर्व छात्र मिलन कार्यक्रम में एस.के.आर.ए.यू. बीकानेर के कुलपति डॉ अरूण कुमार और बांदा कृषि विश्वविद्यालय उत्तरप्रदेश के के कुलपति डॉ एन. पी. सिंह ने एम.ओ.यू. साइन किया।

- बांदा कृषि विश्वविद्यालय और राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर के बीच अब शिक्षा, शोध और प्रसार कार्य में आदान प्रदान हो सकेगा

**बीकानेर,** (कासं)। स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय अंतर्गत कृषि महाविद्यालय बीकानेर के स्थापना दिवस पर पूर्व छात्र मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर और बांदा कृषि विश्वविद्यालय, उत्तरप्रदेश के बीच एमओयू हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बांदा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति ०डॉ एन. पी. सिंह और विशिष्ट अतिथि सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय मेरठ के निदेशक प्रसार डॉ. पी. के. सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ अरूण कुमार ने की। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ पी. के. यादव ने बताया कि बांदा कृषि विश्वविद्यालय और राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर के बीच अब शिक्षा, शोध और प्रसार कार्य में आदान प्रदान हो सकेगा। इस अवसर पर वित्त नियंत्रक राजेन्द्र कुमार खत्री, कावेरी सीड्स के अंतरराष्ट्रीय प्रमुख व कृषि महाविद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. वीरेंद्र सिंह, काजरी बीकानेर के अध्यक्ष डॉ. नवरतन पंवार समेत सभी डीन, डायरेक्टर्स, प्राध्यापक और विदेश से आए 2 पूर्व छात्रों सहित देश के विभिन्न प्रांतों से आये 100 से अधिक पूर्व विद्यार्थी उपस्थित थे। बांदा कृषि विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. एन. पी. सिंह ने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों व छात्रों को प्रतिदिन 2 घंटे खेत में बिताने चाहिये। साथ ही कहा कि कृषि महाविद्यालय में शिक्षकों व कर्मचारियों की कम संख्या के बावजूद भी महाविद्यालय के प्रक्षेत्र पर अनुसंधान कार्य अच्छे स्तर पर किये जा रहे हैं।

## रामदेवरा 6 को रवाना होंगे

**नोखा,** (कासं)। श्री विश्वकर्मा पैदल यात्रा संघ कार्यालय का उद्घाटन हुआ। देर शाम रेलवे स्टेशन के सामने कार्यालय का उद्घाटन किया गया। संघ के पुखराज सुथार ने बताया कि ये पैदल यात्री संघ 6 सितम्बर को रवाना होगा। इस बार 36 वीं फेरी पैदल यात्रा से बाबा रामदेव का दर्शन करेंगे।

कार्यालय का उद्घाटन पूर्व संसदीय सचिव कन्हैयालाल झंवर, नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल भुरा, टिंकूराम गोदारा, मोहन लखारा, पार्षद बजरंग धामु, उगमाराम खोथ, डॉ. सीताराम पंचारिया ने किया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत शुरवीर माली, हरिराम मांकड़, लिछुराम बामणिया, रामेश्वर डाढाला, रूपाराम धामू, हुलास प्रताणी, जीतू बन्ना दासनू, राजु सुथार, धर्मचंद उपाध्याय, मानमल सुथार ने किया। संघ संचालक मदनलाल मांकड़ और उपसंचालक मेघराज गौड़, श्री विश्वकर्मा संघ एवं नवयुवक मंडली के सदस्यों ने आभार व्यक्त किया। रात को श्री विश्वकर्मा संघ का जागरण रखा गया है।


राजस्थान सरकार कार्यालय नगर विकास न्यास,श्रीगंगानगर ( राज )TelefaxNo.0154-2466652, Email:- SECYUITSGNR@:-RAJASTHAN .GOV.IN OFFICE ADDRESSS uit office,Model Town,sri Gangannagar (Raj.)335001 क्रमांक:-नियमन/2024/3845 दिनांक 27.8.2024

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रेनू भाटिया पत्नी श्री संजय भाटिया निवासी 122 पी ब्लॉक, हनुमान मंदिर के पास, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामानारण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के संबंध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है:-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 1 एछोटीमुरब्बा नं.40/45 किला नं.21 में माप 15 इन्टू 60 फीट भू सं. के-26बी, सेविया कॉलोनी, श्रीगंगानगर | भूखण्ड का आवासीय पट्टा संख्या 5822 दिनांक 14.6.2017 को श्रीमती कंवलजीत सिंह पत्नी श्री बलविन्द्र सिंह के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में उक्त भूखण्ड इन्ही के नाम से दर्ज है। | श्रीमती रेनू भाटिया द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बेचनामा दिनांक 11.01.2023 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बद्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध श्रीमती रेनू भाटिया पत्नी श्री संजय भाटिया निवासी 122 पी ब्लॉक, हनुमान मंदिर के पास श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के संबंध 3में कोई आपति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से संबंधित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध यक्ति के देखने व पढने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नही होगा।

आवेदन संख्या:-SGNR/FY24-25/MUT/612

सचिव नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर



कार्यालय नगर पालिका मण्डल नोखा (बीकानेर

क्रमांक : न.पा.नो./स्कन्ध/2024-25/2938 दिनांक 30.08.2024

-: ई-निविदा सूचना :-

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका नोखा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु उपयुक्त पंजकृत एवं अनुभवी फर्मो/संवेदको से निर्धारित तिथि दिनांक 05.09.2024 को दोपहर 01:00 बजे तक निर्धारित प्रपत्र में www.eproc.rajasthan.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन निविदायें निर्धारित शर्तो पर आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन निविदा फार्म दिनांक 30.08.2024 से 05.09.2024 को दोपहर 03:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकेगें एवं निर्धारित तिथि तक प्राप्त निविदा दिनांक 05.09.2024 को सांय 04:00 बजे से खोली जावेगी। समस्त कार्यों के लिए निविदा की हार्डकॉपी मय धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क निर्धारित समय से पूर्व पालिका में नियमानुसार प्रस्तुत करना होगा। संबंधित विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर एवं पालिका कार्यालय में कार्यदिवस में देखे जा सकते है।

| क्र. सं. | विवरण | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | प्रोसेसिंग शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पालिका में कम्प्यूटर ऑपरेटर उपलब्ध करवाने का कार्य। | 25.00 | 50,000 | 500 | 500 |

NIB NO. DLB2425A2176
UBN NO. DLB2425SLOB07030

राज.संवाद/सी/24/4580 अध्यक्ष नगरपालिका, नोखा अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका, नोखा